नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................                                                                 दिनांक : 21.10.2019

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के इतिहास विभाग में आजाद हिन्द फौज के गठन के 76वें वर्षगांठ के अवसर पर ''भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में सुभाष चन्द्र बोस तथा आजाद हिन्द फौज का योगदान'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए, डी.ए.वी. डिग्री कालेज/स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में आजाद हिन्द फौज मील के पत्थर के समान है। आजाद हिन्द फौज का भारतीय स्वतंत्रता के लिए किया गया प्रयत्न व्यर्थ नहीं गया और सुभाष चन्द्र बोस में संगठन की अदभुत क्षमता थी तथा उनके भाषण अत्यन्त ओजस्वी होते थे। उनके इसी ओजस्वी भाषण ने ही बंगाल के साथ–साथ पूरे भारत में देशभक्ति को निरन्तर सुदृढ़ किया। अंग्रेजी सरकार इनसे भयभीत थी, इसी कारण उन्हे दस बार जेल में डाला गया। सुभाष चन्द्र बोस कलकत्ता नगर निगम के चेयरमैन रहते हुए अनेक क्रान्तिकारी कार्य किये। सुभाष चन्द्र बोस ने साम्राज्यवाद के विरुद्ध निरन्तर संघर्ष व राष्ट्रवादी समाज की स्थापना के साथ–साथ आर्थिक उन्नति के लिए उत्पादन बढ़ाना एवं प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान करना अपना लक्ष्य बनाया। सन् 1940 ई. में जब सुभाष चन्द्र बोस को गिरफतार किया गया तो उन्होने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि दासता लम्बे समय तक चलने वाली नही है अब भारत को आजाद होना ही होगा मैं अड़तिस करोड़ देसवासियों के लिए अन्तिम सांस तक युद्ध जारी रखूगाँ। वास्तव में आजाद हिन्द फौज भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के लिए आशा की बड़ी किरण थी।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह एवं इतिहास विभाग के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

Rajesh

**(डॉ0 राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी